आप अपनी बेटी की गर्भाशय के मुँह के कैंसर (सर्विकल कैंसर) से सुरक्षा कर सकते हैं।

एचपीवी और गर्भाशय के मुँह के कैंसर के बारे में जानना महत्वपूर्ण है।

भारत में हर 5 मिनट में, एक महिला में, गर्भाशय के मुँह के कैंसर का पता चलता है। 9 से 14 वर्ष की उम्र के बीच किया जाने वाला एचपीवी टीकाकरण आपकी बेटी के भविष्य को इस कैंसर और चार अन्य प्रकार के कैंसर से बचाने में मदद कर सकता है।

कोई सवाल?
कुछ और जानकारी चाहिये

आज ही किसी डॉक्टर, नर्स, या आशा कार्यकर्ता से बात करें।

PREVENT
GLOBAL
HPV CANCERS

©2024 American Cancer Society, Inc.
Translation provided by Cancer Awareness, Prevention and Early Detection (CAPED) Trust

हमारी बेटियों की सुरक्षा

माता-पिता को गर्भाशय के मुँह के कैंसर, और एचपीवी के टीके के बारे में क्या पता होना चाहिए?

PREVENT
GLOBAL
HPV CANCERS

एचपीवी क्या है?

एचपीवी (ह्यूमन पेंपिलोमा वायरस) एक बहुत ही सामान्य वायरस है। टीके के बिना, अधिकांश पुरुषों और महिलाओं को अपने जीवनकाल में किसी एक प्रकार का एचपीवी संक्रमण होता है।.

एचपीवी कई प्रकार के होते हैं।

- अधिकांश एचपीवी संक्रमण स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं और यह किसी भी स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या का कारण नहीं बनते हैं।
- कभी-कभी, एचपीवी का संक्रमण शरीर में बना रहता है और महिला के गर्भाशय के मुँह (गर्भाशय का निचला हिस्सा) की कोशिकाओं में परिवर्तन का कारण बन सकता है। अगर समय रहते इन परिवर्तनों का पता लगाकर इलाज न किया जाए तो ये कैंसर में बदल सकते हैं।

क्या एचपीवी गर्भाशय के मुँह के कैंसर का कारण बनता है?

जी हाँ। गर्भाशय के मुँह के अधिकांश कैंसर शरीर में दो प्रकार के एचपीवी संक्रमण के बने रहने से होते हैं। अन्य प्रकार के एचपीवी अन्य गुप्तांग समस्याओं और गर्भाशय के मुँह के कैंसर का कारण बनते हैं।

क्या एचपीवी को रोकने के लिए कोई टीका है?

जी हाँ। सभी एचपीवी के टीके उन दो प्रकार के एचपीवी से सुरक्षा प्रदान करते हैं जो गर्भाशय के मुँह के अधिकांश कैंसर का कारण बनते हैं।

किसे टीका लगाया जाना चाहिए और कब?

।डॉक्टरों के अनुसार लड़कियों को 9 से 14 वर्ष की उम्र के बीच टीका लगाया जाना चाहिए। जिन लड़कियों को 15 वर्ष की आयु से पहले टीका नहीं मिला है, उन्हें जितना जल्दी हो सके टीका लगाया जाना चाहिए। लड़कों को भी गले, लिंग और गुदा के कैंसर से बचाने के लिए टीका लगाया जा सकता है।

आपकी बेटी के लिए एचपीवी टीकाकरण की सही उम्र 9 से 14 वर्ष की उम्र के बीच है, क्यों की इस उम्र में टीकाकरण बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है। यह उसे मुख्य प्रकार के एचपीवी से सुरक्षित रखेगा जो गर्भाशय के मुँह के कैंसर का कारण बनते हैं ।

मैं अपनी बेटी को एचपीवी का टीका कैसे लगवाऊं?

टीका कहां मिलेगा और इसकी लागत कितनी है, यह जानने के लिए अपने नजदीकी चिकित्सालय या अस्पताल से संपर्क करें।

क्या एचपीवी का टीका सुरक्षित है?

जी हाँ। एचपीवी का टीका बहुत सुरक्षित है। 100 से ज़्यादा देशों में, एचपीवी टीकाकरण लाखों बच्चों में सुरक्षित रूप से दिया गया है। इस टीके पर सबसे अधिक अध्ययन किये गए हैं और इन में इसे पूरी तरह से सुरक्षित पाया गया है।

जिन लड़कियों को एचपीवी का टीका लग चुका है क्या उन्हें गर्भाशय के मुँह के परीक्षण की आवश्यकता है?

जी हाँ। जिन लड़कियों को एचपीवी टीका लग चुका है उन्हें भी परीक्षणों की आवश्यकता है। टीका अधिकांश प्रकार के एचपीवी से बचाता है, लेकिन सभी प्रकार के एचपीवी से नहीं, जो गर्भाशय के मुँह के कैंसर का कारण बन सकते हैं। जिन महिलाओं को यह टीका नहीं प्राप्त हुआ है, उन्हें भी नियमित रूप से गर्भाशय के मुँह के कैंसर का परीक्षण कराने की आवश्यकता होती है।

अपनी बेटी के भविष्य की सुरक्षा के लिए आप जो कर सकते हैं वह करें।

- सुनिश्चित करें कि उसे एचपीवी का टीका मिले।
- उसे गर्भाशय के मुँह के कैंसर का परीक्षण कराने के महत्व के बारे में सिखाएं।
- उसे अपना स्वास्थ्य बनाए रखने के तरीके बताएँ, जैसे स्वास्थवर्धक भोजन करना और तम्बाकू का सेवन नहीं करना।